सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

**Prime Minister**

# संदेश

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।

भारत की विकास यात्रा में देश के नागरिकों की मेहनत , सजगता और समाज व राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी के भाव की भूमिका अहम है। जन-भागीदारी और सामूहिकता की शक्ति से उर्जित देश आज बड़े संकल्प लेता है और उन्हें हासिल भी करता है।

भारत का जन-सामर्थ्य पूरी दुनिया में एक नया विश्वास भर रहा है। इस संदर्भ में आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय के रूप में "स्वतंत्र भारत@75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता” का चयन प्रशंसनीय है।

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र के साथ देश गत 7 सालों से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है । समग्र और निरंतर प्रयासों से देश में एक विश्वास कायम हुआ है कि भ्रष्टाचार को रोकना संभव है।

आज समयानुकूल और शुचितापूर्ण व्यवस्थाएं लोगों की जिंदगी को आसान बना रही है। देश के नागरिकों को सशक्त करने के लिए जिस तरह तकनीक और नागरिकों की सत्यनिष्ठा को ताकत बनाया गया है, उसने सामान्यजन का आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ाया है।

आज देश में जो सरकार है, वह देश के नागरिकों पर भरोसा करती है। पारदर्शी और सहज व्यवस्थाओं के कारण देश के जन-जन में यह भरोसा भी कायम हुआ है कि अब भ्रष्टाचारी बच नहीं सकता।

आजादी के अमृतकाल में आत्मनिर्भर भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि की तरफ देश बढ़ रहा है। अमृतकाल में हम सभी को एक बात हमेशा याद रखनी है - राष्ट्र प्रथम। मुझे विश्वास है कि केंद्रीय सतर्कता आयोग का यह आयोजन, एक बेहतर भविष्य के लिए जीवन में, विशेषकर सार्वजनिक जीवन में, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

केंद्रीय सतर्कता आयोग को इस पहल और भविष्य के प्रयासों के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं ।

**(नरेन्द्र मोदी)**

नई दिल्ली
कार्तिक ०3 शक संवत् 1943
25 अक्टूबर, 2021